**कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक, नं. 1, स्टाफ रोड, सिकंदराबाद - 009**
**OFFICE OF THE CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS**
No.1, STAFF ROAD, SECUNDERABAD-500009

**दूरभाष/TELE: 040-27843385** **फैक्स/FAX:040-27817275**

सं. हि0क0/2181/रा0भा0/बैठक दिनांक : 15.04.2019

विषय : 03/2019 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।

*******

इस कार्यालय की 03/2019 को समाप्त तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का आयोजन दिनांक 20.03.2019 को प्रात: 10.00 बजे सम्मेलन कक्ष में किया गया । बैठक की अध्यक्षता श्री टी. रामबाबू, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने की ।

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों तथा सदस्यों ने भाग लिया ।

| क्रम सं. | अधिकारी/सदस्य का नाम | पदनाम | बैठक में पद |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री टी. रामबाबू, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा नियंत्रक | अध्यक्ष |
| 2. | श्री शिव शंकर बंडी, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा उप नियंत्रक | उपाध्यक्ष |
| 3. | श्री टी. राममूर्ति | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 4. | श्रीमती एस. वत्सला | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 5. | श्री एस. मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 6. | बी. लक्ष्मी मुरलीकृष्णा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 7. | श्री जे. अंजन कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 8. | बी. शैलजा राव | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 9. | एल. पद्मपाणि | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 10. | श्री के. राम नारायण चारी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 11. | श्री एस. साई किरण | लेखा अधिकारी | सदस्य |
| 12. | श्रीमती देवकी सुब्रमणियम् | वरिष्ठ अनुवादक | सदस्य सचिव |

**<u>अन्य उपस्थित</u> :**

श्रीमती ओनिमा के.दास, कनिष्ठ अनुवादक

सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया गया । तदुपरांत अध्यक्ष महोदय की अनुमति के साथ बैठक की कार्यवाही प्रारंभ हुई।

**मद सं.1 - दिनांक 21.12.2018 को आयोजित पिछली बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि तथा पिछली बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की समीक्षा :**

सभी अधिकारियों एवं सदस्यों ने दिनांक 21.12.2018 को आयोजित बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि सर्वसम्मति से कर दी ।

इस कार्यालय में दिनांक 21.12.2018 को आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गई कार्रवाई की समीक्षा मदवार निम्नानुसार है :-

1. **हिंदी कार्यशाला का आयोजन :** समिति को सूचित किया गया कि वे.ले.का. (अ.श्रे) सेना आयुध कोर, सिकंदराबाद में दिनांक 25.02.19 से 01.03.2019 तक की अवधि के दौरान 05 दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें कुल 16 प्रतिभागियों ने भाग लिया ।

2. **निरीक्षण:** वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार 25% अधीनस्थ कार्यालयों और 25% अनुभागों का निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है। इसी क्रम में वर्ष 2018-19 के दौरान र.ले.नि. महोदय द्वारा अनुमोदित निरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार नौ स्थानीय उप-कार्यालयों और मुख्य कार्यालय के छ: अनुभागों का राजभाषा निरीक्षण किया गया । सभी अधीनस्थ कार्यालयों की राजभाषा निरीक्षण रिर्पोटों की प्रतियाँ मुख्यालय कार्यालय और संबंधित कार्यालयों को भेज दी गई है। इसके अलावा फरवरी, 2019 में छ: स्थानीय अनुभागों का निरीक्षण किया गया । इसके साथ-साथ वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई. और वे.ले.का. (अ.श्रे) सेना आयुध कोर के 25% अनुभागों का भी राजभाषा निरीक्षण किया गया ।

3. **हिंदी भाषा/टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण में नामांकन** : जैसा कि पिछली बैठक में सूचित किया गया था, वे.ले.का. (अ.श्रे) ई.एम.ई., सिकंदराबाद के परिसर में हिंदी प्रबोध और हिंदी प्रवीण के संयुक्त सत्र चलाए जा रहे हैं जिनमें कुल 12 कर्मचारियों को नामित किया गया है । इसके अतिरिक्त मुख्य कार्यालय, वे.ले.का. ई.एम.ई. और वे.ले.का. सेना आयुध कोर से एक-एक आशुलिपिक (कुल तीन) को हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण में नामित किया गया है ।

4. **राजभाषा कार्यान्वयन पर अनुस्मारक** - पिछली बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा दिए गए निदेशों के अनुसार सभी अधीनस्थ कार्यालयों और स्थानीय अनुभागों को राजभाषा कार्यान्वयन के मुख्य बिंदुओं के अनुपालन पर दिनांक 19.02.2019 को एक परिपत्र जारी किया गया जिसे र.ले.नि., सिकंदराबाद की बेवसाइट पर और ई.डी.पी. हेल्प-लाइन पर अपलोड किया गया है ।

**मद सं. 2 - पिछली दो तिमाहियों 09/2018 तथा 12/2018 की हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्टों की तुलनात्मक समीक्षा :**

इस संगठन की पिछली दो तिमाहियों 09/2018 तथा 12/2018 की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकडों की तुलनात्मक समीक्षा निम्नानुसार है :-

(1) धारा 3(3) के अधीन जारी किये गये कार्यालय आदेश भाग 1, कार्यालय आदेश भाग 2, परिपत्र आदि :

| तिमाही का नाम | कुल जारी | द्विभाषी | अंग्रेज़ी |
|---|---|---|---|
| 09/2018 | 383 | 383 | शून्य |
| 12/2018 | 358 | 358 | शून्य |

(2) <u>हिंदी पत्राचार की स्थिति</u> :

| तिमाही का नाम | हिंदी पत्रों की संख्या | अंग्रेज़ी पत्रों की संख्या | हिंदी पत्रों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 09/2018 | 20824 | 5277 | 79.78% |
| 12/2018 | 21149 | 5616 | 79.02% |

**<u>मद सं. 3 -</u>** **<u>रक्षा लेखा महानियंत्रक, नई दिल्ली के कार्यालय से प्राप्त महत्वपूर्ण पत्रों / परिपत्रों पर कार्रवाई की समीक्षा</u> -** समिति को अवगत कराया गया कि पिछली तिमाही में महानियंत्रक कार्यालय से 06 पत्र प्राप्त हुए हैं । इनमें से एक पत्र महानियंत्रक कार्यालय में आयोजित रा.भा.का.स. की बैठक के कार्यवृत्त से संबंधित है जिसमें इस कार्यालय के लिए कोई विशेष अनुदेश नहीं है । दो अन्य पत्र मुख्यालय कार्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में है जिसमें वरिष्ठ अनुवादक की पदोन्नति के लिए पात्र कनिष्ठ अनुवादकों को नामांकित किया गया और अधिकारी प्रशिक्षण केंद्र (OTI), गुरुग्राम में अप्रैल माह में आयोजित करने की सूचना दी गई । इस कार्यालय से एक कनिष्ठ अनुवादक को इसमें नामांकित किया गया और उन्हें संसदीय राजभाषा समिति की प्रश्नावली भरकर लाने का निदेश दिया गया है । साथ ही कार्यालय के प्रकार्यों पर एक पवर-पाइंट प्रस्तुतीकरण भी तैयार करके लाने का निदेश दिया गया है । इसके अतिरिक्त मुख्यालय कार्यालय ने इस कार्यालय और संगठन के तिमाही रिपोर्टों की समीक्षा की और वर्ष 2019-20 के निरीक्षण कार्यक्रम की मांग की जिसे नियंत्रक महोदय के अनुमोदन के साथ मुख्यालय कार्यालय को भेजा गया है ।

**<u>मद सं. 4</u>** - **<u>वार्षिक कार्यक्रम पर चर्चा</u>** - समिति के समक्ष वार्षिक कार्यक्रम 2018-19 के प्रत्येक मद हेतु निर्धारित लक्ष्य को रखा गया और संगठन द्वारा प्राप्त लक्ष्यों पर चर्चा की गई । केवल प्रशिक्षण का लक्ष्य पूरा किया जाना शेष है । समिति को सूचित किया गया कि वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) ई.एम.ई., सिकंदराबाद के परिसर में हिंदी प्रबोध और हिंदी प्रवीण की कक्षाएँ आरंभ हो गईं है और 12 कर्मचारी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं । इनकी अंतिम परीक्षा मई, 2019 में आयोजित की जाएंगी । समिति को सूचित किया गया कि पिछले सत्र में हिंदी टंकण प्रशिक्षण के लिए नामित चारों लिपिकों ने हिंदी टंकण परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है । इसके अतिरिक्त मुख्य कार्यालय, वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) ई.एम.ई. तथा वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) सेना आयुध कोर, सिकंदराबाद के एक-एक आशुलिपिक (कुल तीन) को हिंदी आशुलिपि प्रशिक्षण में नामित किया गया है । इनकी अंतिम परीक्षा जनवरी, 2020 में आयोजित की जाएगी ।

**<u>मद सं. 5</u>** - **<u>संगठन में हिंदी संवर्ग की समीक्षा</u>** :

इस संगठन में हिंदी संवर्ग की स्थिति निम्नानुसार है :

| क्रम सं. | पद | प्राधिकृत | तैनात | रिक्त |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हिंदी अधिकारी | 02 | शून्य | 02 |
| 2. | वरिष्ठ हिंदी अनुवादक | 02 | 01 | 01 |
| 3. | कनिष्ठ हिंदी अनुवादक | 01 | 02 | शून्य |
| 4. | हिंदी टंकक | 02 | शून्य | 02 |

**<u>मद सं. 6</u> - <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अधिकारियों/सदस्यों की ओर से अन्य कोई विषय/सुझाव</u> :**

1. **<u>प्रशासन अनुभाग की नेमी कार्यालय टिप्पणियाँ द्विभाषी बनाया जाना</u> -** प्रशासन अनुभाग के वरिष्ठ लेखा अधिकारी, श्री एल. पद्मपाणि ने यह सुझाव दिया कि प्रशासन अनुभाग की नेमी कार्यालय-टिप्पणियों को द्विभाषी बनाया जा सकता है । वरिष्ठ अनुवादक ने सूचित किया कि प्रशासन-II और प्रशासन-III के अधिकतर नेमी कार्यालय टिप्पणियों को द्विभाषी रूप में बनाकर दे दिया गया है और उनका प्रयोग भी किया जा रहा है । श्री पद्मपाणि ने कहा कि प्रशासन-I अनुभाग से नई भर्तियों के संबंध में नेमी कार्यालय टिप्पणियाँ प्रस्तुत की जाती है जिन्हें द्विभाषी बनाकर प्रयोग में लाया जा सकता है । अनुवादक ने इसे नोट किया ।

अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद देने के साथ बैठक समाप्त हुई ।

रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय ने देख लिया है ।

हस्ता/-
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**

सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित :-

1. सहायक निदेशक (राजभाषा), कार्यालय, रक्षा लेखा महानियंत्रक, पालम, दिल्ली ।
2. सहायक निदेशक (राजभाषा), हिंदी अनुभाग, रक्षा मंत्रालय (वित्त प्रभाग), नई दिल्ली ।
3. सचिव,नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (का-3), एन.जी.आर.आई., उप्पल रोड, हैदराबाद ।
4. क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोरमंगला, बेंगलूर ।
5. सभी अधिकारी / सदस्य (उनके नाम से)
6. सभी प्रभारी अधिकारी, सभी अधीनस्थ कार्यालय (मानक सूची के अनुसार)/ सभी अनुभाग (स्थानीय)

हस्ता/-
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (प्रशा)**